# चोरी व चेन स्नैचिंग करने वाले दो चोर सेमरिया से गिरफ्तार

## रीवा जिले के सेमरिया का मामला, पन्ना पुलिस की कार्रवाई, पांच चोरियों का हुआ खुलासा



नवभारत न्यूज

**पन्ना, 14 जुलाई, पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में पन्ना पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। कोतवाली थाना क्षेत्र में सूने मकान में दिनदहाड़े चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो कुख्यात चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी गया मशरूका एवं घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल बरामद की गई है।**

पुलिस से हासिल जानकारी के अनुसार गत 20 अप्रैल को फरियादी पुष्पेन्द्र कुशवाहा निवासी सत्यम पैलेस के सामने,पन्ना थाना कोतवाली पन्ना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह ग्राम झरकुआं में निजी क्लिनिक संचालित कर लोगों का उपचार करते हैं। दिनांक 19. अप्रैल को प्रात: लगभग 10 बजे वह अपने मकान में ताला लगाकर क्लिनिक चले गए थे, जबकि उनकी पत्नी एक दिन पूर्व अपने मायके सतना गई थीं। उसी दिन शाम लगभग 06 बजे उनकी पत्नी घर लौटी तो देखा कि मुख्य दरवाजा खुला हुआ था। सूचना मिलने पर फरियादी तत्काल अपने घर पहुंचे एवं डायल-112 को सूचना दी। घर के अंदर जाकर देखा तो पूरा सामान बिखरा पड़ा था तथा स्टोर रूम में रखे बड़े बक्से का ताला टूटा हुआ था। बक्से में रखे बैग से सोने-चांदी के आभूषण एवं नगदी चोरी हो चुके थे। रियादी की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली पन्ना में अपराध धारा 331(3), 305(ए) बीएनएस-2023 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उपरोक्त मामले में एस पी पन्ना ने टी आई पन्ना रोहित मिश्रा के नेत्रत्व में पुलिस टीम गठित की गई विवेचना के दौरान आरोपियों की पहचान रीवा के आशीष उर्फ लाले कुशवाहा एवं सुनील कुशवाहा उर्फ ललवा के रूप में हुई। मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना सेमरिया, जिला रीवा क्षेत्र से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल बरामद की गई तथा चोरी गया मशरूका भी विधिवत जप्त किया गया।दोनों आरोपी कुख्यात चोरी के आरोपी हैं, जिनके विरुद्ध कटनी, रीवा, सतना, सीधी एवं अन्य जिलों में चोरी के दर्जनों अपराध पंजीबद्ध हैं।

**पन्ना जिले की पांच चोरियों का हुआ खुलाशा-** पकड़े गए चोरों ने पन्ना जिले में पांच चोरियां करना स्वीकार किया है जिसमें से अपराध क्रमांक 67/2026, थाना कोतवाली, जिला पन्ना ग्राम रमपुरा में एक ही रात में तीन मकानों के ताले तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण, नगदी एवं अन्य सामान चोरी करने की घटना। अपराध क्रमांक 84/2026, थाना कोतवाली, जिला पन्ना ग्राम पुरुषोत्तमपुर स्थित किराना दुकान का ताला तोड़कर लगभग ?35,000 नगद चोरी करने की घटना।अपराध क्रमांक 242/2026, थाना कोतवाली, जिला पन्ना डायमण्ड चैराहा, पन्ना के पास महिला के गले से सोने की चेन झपटकर ले जाने (चेन स्नैचिंग) की घटना।अपराध क्रमांक 281/2026, थाना कोतवाली, जिला पन्ना महाराजा कॉलोनी स्थित सूने मकान से लगभग 1.70 लाख मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण एवं नगदी चोरी करने की घटना। अपराध क्रमांक 998/2025, थाना कोतवाली, जिला पन्ना साइंस कॉलेज के पीछे स्थित शासकीय आवास का ताला तोड़कर गोदरेज लॉकर से सोने-चांदी के आभूषण चोरी करने की घटना शामिल है ।

### आरोपियों के कब्जे से जब्त हुई सामग्री

आरोपियों के कब्जे से 01 सोने का मंगलसूत्र, 01 सोने की अंगूठी, 01 सोने की वेंदी, नाक की कील, चाँदी की बिछिया 04 नग, संतान साते चूड़ी 04 नग, चाँदी की पायल 02 नग, चाँदी के सिक्का 02, 04 चाँदी के छल्ले कुल कीमती करीब 02 लाख रुपये, 01 सौर उर्जा की छतरी, 01 पीतल की गुण्डी, 01 मोबाइल फोन, नगदी 12500 रुपये एवं घटना मे मे प्रयुक्त मोटर सायकिल की गई जप्त । उक्त सम्पूर्ण कार्यावाही मे थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रोहित मिश्रा, उनि कमल विक्रम पाठक, प्रज्ञा परोहा, मनोरमा देवी मोर्य, मनीष कश्यप, एंव सायबर सेल टीम पन्ना का सराहनीय योगदान रहा।

### चोरी के आभूषण खरीदने वाले गिरफ्तार

विवेचना के दौरान यह तथ्य सामने आया कि मुख्य आरोपी चोरी किए गए सोने-चांदी के आभूषणों को पहचान छिपाने एवं अवैध लाभ अर्जित करने के उद्देश्य से विभिन्न सराफा व्यापारियों को बेच देते थे। पुलिस द्वारा तकनीकी साक्ष्यों एवं पूछताछ के आधार पर चोरी के आभूषण खरीदने वाले तीन आरोपियों की भी पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया है।जिसमें प्रमोद उर्फ मामा सोनी पिता रामाधार सोनी, उम्र 60 वर्ष, निवासी बाबूपुर, थाना रामनगर, जिला सतना। कपिल सोनी पिता श्री राजकुमार सोनी, उम्र 24 वर्ष, निवासी ग्राम हाटी, जिला सतना, हाल निवासी पचमठा फोर्ट रोड, जिला रीवा (म.प्र.)। अरविन्द सोनी पिता शंकरलाल सोनी, उम्र 22 वर्ष, निवासी टिकुरिया मोहल्ला, थाना कोतवाली, जिला सतना (म.प्र.)।उक्त तीनों आरोपियों द्वारा चोरी के सोने-चांदी के आभूषण खरीदना पाया गया, जिसके संबंध में उनके विरुद्ध विधिसम्मत वैधानिक कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया गया है।



# अमानगंज में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन

▶ मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री के प्रतीकात्मक शव को पुलिस ने छुड़ाया

नवभारत न्यूज

**अमानगंज, 14 जुलाई, स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में व्याप्त कथित अव्यवस्थाओं और चिकित्सकों की कमी के विरोध में आज नगर कांग्रेस अध्यक्ष वसीम खान के नेतृत्व में एक विशाल विरोध प्रदर्शन किया गया।**

गांधी चैक से गाजे-बाजे के साथ शुरू हुए इस प्रदर्शन के तहत कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश के मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री की एक प्रतीकात्मक अर्थी (शवयात्रा) निकाली। आंदोलन के दौरान उस समय स्थिति तनावपूर्ण हो गई जब अस्पताल के पुलिस बल ने प्रदर्शनकारियों को रोकने का प्रयास किया, जिसके परिणामस्वरूप पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच तीखी झीना-झपटी हुई और पुलिस ने प्रतीकात्मक अर्थी को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस की इस कार्रवाई के विरोध में कांग्रेसी कार्यकर्ता अस्पताल के मुख्य गेट के सामने ही धरने पर बैठ गए। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं द्वारा सरकार और स्थानीय अस्पताल प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई, । इस दौरान आंदोलन की अगुवाई कर रहे वसीम खान, ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ दुबे, जिला महासचिव रामभगत सोनी, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष हक्कून दहायत, आदि नजर आए। ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस ने अस्पताल की निम्नलिखित बुनियादी समस्याओं को रेखांकित करते हुए मांग की है कि अस्पताल में महिला डॉक्टर और हड्डी रोग विशेषज्ञ न होने से क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं और दुर्घटनाग्रस्त मरीजों को रैफर होना पड़ता है। डॉक्टरों पर शासकीय ड्यूटी के समय अपने कमरों में निजी क्लिनिक संचालित करने तथा रात्रि 8 बजे के बाद आपातकालीन सेवाओं में अनुपस्थित रहने का आरोप लगाया गया है ।

# नशा मुक्ति प्रतिज्ञा अभियान के बारे में हुई चर्चा

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 14 जुलाई, ब्रह्माकुमारी विद्यालय द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 10 करोड़ नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महा अभियान के बारे में जानकारी देते हुए ब्रह्माकुमारी बहन ने कहा कि दादी प्रकाशमणि जी के पुण्य स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में 6 अगस्त से 20 अगस्त तक देशव्यापी पखवाड़ा 10 करोड़ नशा मुक्ति प्रतिज्ञा अभियान चलाया जाएगा.**

उन्होंने जानकारी देती हुई कहा ब्रह्माकुमारी संस्थान एवं भारत सरकार की सामाजिक न्याय विभाग के साथ यह कार्य कर रहा है आपने अभियान का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों में स्वस्थ मूल्यनिष्ठ, नशा मुक्त जीवन शैली के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा जन भागीदारी के माध्यम से सकारात्मक सामाजिक वातावरण का निर्माण करना,अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों युवा, शिक्षकों,महिलाओं,प्रशासनिक अधिकारियों एवं सामाजिक संगठनों को जोड़ने का प्रयास किया जाएगा यह अभियान स्वस्थ जीवन शैली एवं युवा सशक्तिकरण के माध्यम से नशा मुक्ति तथा विकसित भारत के राष्ट्रीय संकल्प को सशक्त बनाने का एक सकारात्मक प्रयास है. कार्यक्रम में पन्ना जिले के ब्रह्माकुमारी केंद्र से जुड़े हुए देवेंद्र नगर,पवई, अमानगंज, अजयगढ़, पढेरी, गनौर, पन्ना आदि सभी जगह के भाई बहन उपस्थित रहे सभी को बहन जी ने अभियान की जानकारी दी एवं सेवा करने के लिए मार्गदर्शन दिया एवं कहां अभी से स्कूल,कॉलेज,अन्य जगह संपर्क करके सभी को जानकारी देकर अभियान को सफल बनाना है,।

# जंगली जानवर के हमले से वृद्ध घायल

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 14 जुलाई, गत दिवस 13 जुलाई की सुबह नित्य क्रिया के लिए खेतों की तरफ गए सिलगी निवासी वृद्ध जौहरिया रजक पिता सुंदरलाल उम्र लगभग 60 वर्ष पर घात लगाकर बैठे जंगली जानवर ने हमला कर दिया.**

जिससे वह घायल हो गया उसके चेहरे एवं हांथ में गंभीर नाखून के चोट के निशान है उत्तर वन मण्डल के देवेन्द्रनगर रेंज के वनकर्मी सूचना मिलते ही उक्त जानवर की पहंचान एवं घायल के इलाज सहित उचित मदद के लिए लग गए हैं जिला चिकित्सालय में घायल का इलाज चल रहा है ।



# हत्या करने वाले भाई को आजीवन कारावास

## मां को पांच वर्ष का सश्रम कारावास व जुर्माना

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 14 जुलाई, गत 13 जनवरी को बहुचर्चित प्रिंसी सोनी की हत्या मामले में गत दिवस अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुरेद्र मेश्राम के न्यायालय ने आरोपी भाई को आजीवन कारावास एवं सह आरोपी मां को पांच वर्ष का सश्रम कारावास सहित जुर्माने की सजा सुनाई है ।**

हासिल जानकारी के अनुसार गत 13 जनवरी 2024 को थाना देवेन्द्रनगर के अंतर्गत बड़ागांव रेस्टहाउस के पास निवासरत प्रिंसी सोनी की उसी के भाई बालेन्द्र सोनी उम्र 25 वर्ष एवं उसकी मां राजकुमारी सोनी ने मिलकर उसकी गला दबाकर हत्या कर दी और साक्ष्य छिपाने के लिए पुलिस को उसके बेहोश होने की सूचना दी थी ।

जिस पर थाना देवेन्द्रनगर में अपराध पंजीबद्ध कर एस डी ओ पी पन्ना एसपीएस बघेल के मार्गदर्शन में बिवेचना तत्कालीन थाना प्रभारी संदीप दीक्षित द्वारा कर आरोपीगण बालेन्द्र सोनी एवं राजकुमारी के विरूद्ध हत्या का मामला पाये जाने पर चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया था जिस पर आयी साक्ष्य के आधार पर गत दिवस न्यायालय द्वारा आरोपी भाई को आजीवन कारावास एवं पांच हजार के जुर्माने तथा मां को पांच वर्ष का सश्रम कारावास एवं पांच हजार रूपए के जुर्माने की सजा सुनाई ।



# पदोन्नति प्रक्रिया में गोपनीय चरित्रावली दोबारा मंगाने का किया विरोध

## सवर्ण अधिकारी एवं कर्मचारी संगठन ने किया विरोध

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 14 जुलाई, सवर्ण अधिकारी एवं कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष इंजी. अजय तिवारी के नेतृत्व में संगठन के प्रतिनिधि मंडल ने डीईओ कार्यालय पहुंचकर श्रीमती आकांक्षा रावत जिला शिक्षा अधिकार पन्ना को ज्ञापन सौंपा।**

ज्ञापन के माध्यम से वर्तमान में संचालित पदोन्नति प्रक्रिया के अंतर्गत कर्मचारियों से पुन: गोपनीय चरित्रावली (सी.आर.) मंगाए जाने पर आपत्ति दर्ज कराते हुए इसे अव्यावहारिक एवं अनावश्यक बताया। संगठन ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि गत वर्ष भी पदोन्नति एवं वेतनमान की प्रक्रिया के लिए कर्मचारियों से पाँच वर्षों की गोपनीय चरित्रावली संबंधित संकुलों के माध्यम से विभाग को उपलब्ध कराई जा चुकी है। ऐसी स्थिति में उसी अभिलेख को पुन: मंगाने से कर्मचारियों को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तथा विद्यालयीन कार्य एवं प्रशिक्षण व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। संगठन ने जिला शिक्षा अधिकारी से मांग की कि पूर्व में प्रस्तुत गोपनीय चरित्रावली को ही मान्य माना जाए तथा कर्मचारियों से दोबारा दस्तावेज़ न मंगाए जाएँ।

# दंत परीक्षण शिविर का सफल आयोजन, छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित



नवभारत न्यूज

**पन्ना, 14 जुलाई, महारानी दुर्गा राज्य लक्ष्मी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पन्ना में जिला चिकित्सालय पन्ना के सहयोग से आज दंत परीक्षण शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में डॉक्टर हेमंत चैराहा एवं डॉक्टर शोभित तिवारी द्वारा विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं का दंत स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।**

शिविर के पूर्व दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम तीन स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, । शिविर के दौरान डॉक्टर हेमंत चैराहा एवं डॉक्टर शोभित तिवारी ने विद्यार्थियों को दांतों की नियमित सफाई, समय-समय पर जांच एवं संतुलित आहार के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने दंत रोगों से बचाव के सरल एवं प्रभावी उपाय भी बताए।

### संस्था सचिव ने किया प्रेरित


इस अवसर पर संस्था सचिव कृष्णा कुमारी ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को शिविर का अधिकतम लाभ उठाने तथा अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य के एन पाण्डेय समस्त शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन क्रीड़ा प्रभारी श्री पहलवान सिंह द्वारा किया गया।

# अब कार्यवाहक से स्थायी उपपुलिस अधीक्षक बने एसपीएस बघेल

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 14 जुलाई, कई वर्षो से म0 प्र0 में प्रमोशन पर रोक लगी होने के कारण कार्यवाहक के रूप में पदोन्नति की जा रही थी शासन द्वारा अब रोक हटा देन के कारण अब कार्यवाहक की जगह स्थायी पदोन्नति आदेश शासन द्वारा जारी किए गए हैं.**

जिसमें पन्ना जिले से एसडीओपी एसपीएस बघेल को पदोन्नत करते हुए स्थायी उपपुलिस अधीक्षक पर पदोन्नति आदेश जारी किए गए हैं । जिस पर विभागीय स्टाफ सहित शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई प्रेषित की है ।



# कलेक्टोरेट में हुई जनसुनवाई में आए 28 आवेदन

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 14 जुलाई, जिला मुख्यालय पर कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को संपन्न हुई जनसुनवाई में 28 आम लोगों की समस्याओं को सुनकर निराकरण किया गया।**

जनसुनवाई में अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे एवं तहसीलदार भू संसाधन प्रबंधन मेघेन्द्र बंदोपाध्याय सहित अन्य



विभागीय अधिकारियों ने आवेदकों की समस्याएं सुनकर निराकृत कीं।

शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में आज जनसुनवाई हुई।

# भोपाल में अग्निवीर भर्ती रैली 28 से 8 अगस्त तक

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 14 जुलाई, सेना भर्ती कार्यालय भोपाल द्वारा आगामी 28 जुलाई से 8 अगस्त तक अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स भोपाल में पुरूष उम्मीदवारों के लिए अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है।**

इसमें पन्ना सहित 15 जिलों के अभ्यर्थी शामिल हो सकेंगे। अग्निवीर जनरल ड्यूटी सहित अग्निवीर तकनीकी तथा अग्निवीर ट्रेड्समैन के पद पर भर्ती रैली आयोजित की जाएगी। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के लिए धर्मगुरू एवं एजुकेशन हवलदार की भर्ती प्रक्रिया भी साथ में संपन्न होगी। गत एक से 12 जून तक संपादित हुई ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा का परिणाम भी 12 जुलाई को ज्वाइन इंडियन आर्मी की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। सीईई परीक्षा में उत्तीर्ण उम्मीदवार शारीरिक दक्षता सहित अन्य भर्ती प्रक्रियाओं में भाग ले सकेंगे। रैली में शामिल होने वाले उम्मीदवारों को सोमवार को प्रवेश पत्र ई-मेल पर प्रेषित किए गए हैं। रैली भर्ती में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र पर अंकित तिथि और समय अनुसार भर्ती रैली स्थान पर प्रवेश दिया जाएगा। भर्ती में भाग लेने के लिए प्रवेश पत्र व रैली अधिसूचना अनुसार सभी दस्तावेज साथ में लाना आवश्यक है। इसके अलावा आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नंबर व इंटरनेट कनेक्शन के साथ स्मार्ट मोबाइल फोन भी लेकर पहुंचना जरूरी है।

# पंचायत स्तर पर ऑडिट प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और सरल होगी

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 14 जुलाई, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पंचायत स्तर पर ऑडिट प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने के लिए विकसित दृष्टि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म लॉन्च किया। इसके साथ ही पंचायत दर्पण पोर्टल पर पेमेंट गेटवे की सुविधा का भी शुभारंभ किया गया।**

मंगलवार को मंत्रालय में मंत्रिपरिषद की बैठक के दौरान हुई इस लॉन्चिंग से पंचायत स्तर पर ऑडिट प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और सरल होगी। यह व्यवस्था देश में पंचायतों के पूर्णत: डिजिटल रिमोट वित्तीय ऑडिट की दिशा में अपनी तरह की अभिनव पहल है। केंद्रीय वित्त आयोग से प्राप्त होने वाले अनुदान की राशि के लिए त्रिस्तरीय पंचायतों के समयबद्ध ऑडिट की अनिवार्यता है। भारत के महालेखाकार के निर्देशन में पंचायती राज संचालनालय द्वारा एनआईसी के तकनीकी सहयोग से ऑनलाइन ऑडिट के लिए दृष्टि नामक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म विकसित किया गया है। इस प्लेटफॉर्म पर जाकर ऑडिटर अपने घर या ऑफिस से किसी भी पंचायत के सभी प्रकार के आय व्यय संबंधी अभिलेख देख सकते हैं तथा उनकी जांच कर सकते हैं। यह ऑडिट प्रक्रिया ग्राम पंचायतों के वित्तीय ऑडिट को तेज, सरल एवं पारदर्शी बनाएगी। इसके उपयोग से सीमित कर्मचारियों द्वारा भी समस्त पंचायतों का ऑडिट समय पर किया जा सकेगा।

इस प्रणाली के क्रियान्वयन से समय और संसाधनों की बचत के साथ वित्तीय जवाबदेही और सुशासन को मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा पंचायत दर्पण पोर्टल पर आरंभ पेमेंट गेटवे पंचायत राज संचालनालय द्वारा एनआईसी, जल निगम एवं यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया के सहयोग से विकसित किया गया है। इसके माध्यम से पंचायतें नागरिकों के बिल जेनरेट कर सकेंगी।

गेटवे पर कोई भी नागरिक बिल का पेमेंट घर बैठे कर सकता है और ऑनलाइन ही रसीद भी प्राप्त कर सकता है। इससे लोगों के श्रम और समय दोनों की बचत होगी तथा पंचायत का अभिलेख भी स्वत: ही निर्मित होता चला जाएगा। सेवाओं में पारदर्शिता और कार्यों का समयबद्ध निस्तारण होगा। इन नवाचारों से विभागीय प्रक्रियाओं में जवाबदेही अधिक होने के साथ ही सुशासन को बढ़ावा भी मिलेगा।

# सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पार्क में कार्यशाला आयोजित

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 14 जुलाई, अमझिरिया स्थित ईको पार्क में विगत रविवार को सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन आनंदना कोका-कोला फाउंडेशन के सहयोग से साहस संस्था एवं जिला पंचायत पन्ना के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इसमें 35 ग्राम पंचायतों के सचिव, सरपंच एवं ग्राम रोजगार सहायकों ने सहभागिता की।**



कार्यशाला की अध्यक्षता जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी द्वारा की गई। कार्यशाला के दौरान जिला पंचायत सीईओ द्वारा उपस्थित सरपंचों को सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के सभी नियमों का पालन करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी ग्राम पंचायतों से स्वच्छता एवं कचरा प्रबंधन के क्षेत्र में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया। साथ ही आगामी समय में पन्ना जिले को सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के क्षेत्र में पूरे मध्यप्रदेश में अग्रणी जिला बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया तथा इस दिशा में सभी ग्राम पंचायतों को आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। साहस संस्था द्वारा सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के महत्व और स्थापना, आवश्यकता एवं प्रभावी क्रियान्वयन के कार्यों की जानकारी साझा की गई। साथ ही आनंदना कोका-कोला फाउंडेशन के सहयोग से वर्ष 2022 से संचालित क्लीन डेस्टिनेशन-पन्ना परियोजना के अंतर्गत पन्ना टाइगर रिजर्व के आसपास पन्ना एवं छतरपुर जिले के 30 चयनित गांवों में विकसित सतत सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम के बारे में विस्तार से बताया गया। बैठक में पीओ डूडा शशिकपूर गढ़पाले द्वारा सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स से संबंधित विभिन्न प्रावधानों एवं नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई। जनपद पंचायत पन्ना के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जयशंकर तिवारी द्वारा सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के प्रभावी संचालन में एमआरएफ की भूमिका एवं महत्व पर प्रकाश डाला गया।

स्वच्छ भारत मिशन की जिला समन्वयक जयंती अहिरवार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के नियम 2016 एवं 2026 के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी प्रदान की गई तथा ग्राम पंचायत स्तर पर इनके प्रभावी अनुपालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश साझा किए गए।

इस कार्यशाला के पश्चात आनंदना कोका-कोला फाउंडेशन के सहयोग से साहस संस्था द्वारा अमझिरिया में स्थापित पीडब्ल्यूएमयू एमआरएफ केंद्र के सुचारू संचालन एवं प्रभावी प्रबंधन हेतु एक संचालन समिति का गठन किया गया। यह समिति केंद्र की नियमित गतिविधियों, अपशिष्ट प्रबंधन कार्यों, संसाधनों के उचित उपयोग, वित्तीय पारदर्शिता एवं भविष्य की कार्ययोजना के प्रभावी क्रियान्वयन का कार्य करेगी। समिति द्वारा केंद्र के संचालन की निगरानी करते हुए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ एवं स्थायी बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। इस कार्यशाला में जनपद पंचायत पन्ना के सहायक यंत्री, खंड पंचायत अधिकारी, स्वच्छ भारत मिशन के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर तथा अमझिरिया में स्थापित केंद्र के कार्यबल ने सक्रिय सहभागिता की।